# Article

What is an Article? (आर्टिकल क्या है?)
Articles वे शब्द हैं जो किसी संज्ञा (Noun) के पहले लगते हैं और बताते हैं कि वह संज्ञा सामान्य है या विशेष।
**English में 3 Articles होते हैं:**

| Article | Type | Hindi Meaning |
|---|---|---|
| **a** | Indefinite Article | एक (कोई एक) |
| **an** | Indefinite Article | एक (स्वर से पहले) |
| **the** | Definite Article | वह / वही / विशेष |

## ✓ Use of "a"

a का प्रयोग उन शब्दों के पहले होता है जो व्यंजन ध्वनि (Consonant Sound) से शुरू हों।

| Word | With Article | Hindi |
|---|---|---|
| boy | a boy | एक लड़का |
| pen | a pen | एक पेन |
| table | a table | एक मेज़ |

## ✓ Use of "an"

an का प्रयोग उन शब्दों के पहले होता है जो स्वर ध्वनि (Vowel Sound) a, e, i, o, u से शुरू हों।

| Word | With Article | Hindi |
|---|---|---|
| apple | an apple | एक सेब |
| egg | an egg | एक अंडा |
| umbrella | an umbrella | एक छाता |

🔹 ध्यान रखें: अगर ध्वनि स्वर की हो, तो an का प्रयोग होगा।

| Word | Sound | Correct |
|---|---|---|
| hour | (h मौन) → *our* | an hour |
| university | (yoo ध्वनि) | a university |

Common Mistakes

| Wrong | Correct |
|---|---|
| **He is an European.** | He is a European. |
| **She is a honest girl.** | She is an honest girl. |

## ✓ Use of "the"

"The" एक Definite Article है। इसका उपयोग तब किया जाता है जब हम किसी विशेष (specific) व्यक्ति, वस्तु या जगह की बात करते हैं, न कि किसी सामान्य (general) चीज़ की।
Hindi Meaning: वह / वही / वह खास / जिसके बारे में पहले से पता हो

MGS Bhuwakhedi

✓ **Rule 1: जब चीज़ पहले से ज्ञात हो या पहले Mention हो चुकी हो**

पहली बार → a / an

दूसरी बार → the

Example:

I saw a dog. The dog was very cute.

(पहली बार "a dog" → कोई भी कुत्ता

दूसरी बार "the dog" → वही कुत्ता)

✓ **Rule 2: One and Only (एक ही होता है दुनिया में)**

ऐसी चीज़ें जो दुनिया में एक ही होती हैं, उनके पहले the लगता है।

| Word | Example | Meaning |
|---|---|---|
| **Sun** | The Sun | सूर्य |
| **Earth** | The Earth | पृथ्वी |
| **Moon** | The Moon | चन्द्रमा |
| **Sky** | The Sky | आकाश |

✓ **Rule 3: Seas, Rivers, Oceans, Mountains के नाम के साथ**

| Category | Example |
|---|---|
| **Rivers** | The Ganga, The Nile |
| **Oceans** | The Indian Ocean |
| **Seas** | The Arabian Sea |
| **Mountain ranges (पर्वत श्रृंखला)** | The Himalayas |
| **Famous deserts** | The Thar Desert |

✓ **Rule 4: Most famous buildings, monuments, hotels**

The Taj Mahal The Red Fort The Parliament House The Oberoi Hotel

✓ **Rule 5: Newspapers, Famous Books**

The Times of India The Hindu The Ramayana The Bible

✓ **Rule 6: Superlative Degree (सर्वोत्तम रूप)**

Superlative degree (most, best, tallest...) से पहले the लगता है।

| Degree | Example |
|---|---|
| **Positive** | tall |
| **Comparative** | taller |
| **Superlative** | the tallest |

Example:

He is the best player.

Mount Everest is the highest mountain.

MGGS Bhiwakhedi

✅ **Rule 7: Musical Instruments**

He plays the guitar.

She plays the tabla.

❗ Cases Where "the" Not Used (❌ Don't use "the")

| Situation | Example | Why? |
|---|---|---|
| **General meaning** | Dogs are faithful. | (सभी कुत्तों की बात) |
| **Name of countries** | India, Japan, China | (जब अकेला नाम हो) |
| **School/Prison/Home (Purpose)** | He goes to school. | (पढ़ने जाना उद्देश्य है) |

लेकिन अगर विशेष स्कूल की बात हो →

He went to the school to meet the principal.

⭐ Important Confusing Examples

| Word | Correct Usage | Reason |
|---|---|---|
| **The USA / The UK** | क्योंकि यह यूनियन/समूह देश हैं | |
| **The Netherlands** | क्योंकि नाम plural feel देता है | |
| **India / China** | इनके साथ the नहीं लगता | |

✅ **Examples (उदाहरण)**

I have a pen.

The moon shines at night.

The Earth moves around the Sun.

He is eating an apple.

Riya saw an elephant in the zoo.

✅ **Practice (Fill in the blanks)**

Fill in the blanks with a / an / the:

1. I saw ___ elephant.
2. Rohan has ___ book.
3. ___ sun rises in the east.
4. She waited for ___ hour.
5. He is ___ honest man.
6. We live on ___ Earth.
7. I want ___ umbrella.
8. I ate ___ mango.
9. ___ Earth moves around ___ Sun.
10. He is playing ___ piano.
11. ___ Himalayas are very high.
12. I saw ___ Taj Mahal.
13. ___ Ganga is a holy river.

MGGS Bhuwakhedi